# महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997, क्रमांक 3 के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

(A Central University Established by Parliament by Act No. 3 of 1997)

ज्ञान शांति मैत्री

पी. सरदार सिंह
P. SARDAR SINGH
वित्त अधिकारी
FINANCE OFFICER

दूरभाष /Phone : + 91-7152-230906
फैक्स /Fax : + 91-7152-232994

फा.सं.: 002/14(2)/Newspaper/2016-17/195

दिनांक: 30.06.2016

## परिपत्र

विश्वविद्यालय के समस्त विभागाध्यक्ष/केंद्र निदेशक/संकायाध्यक्षों को निम्न बिंदुओं पर संज्ञान में लेने हेतु आग्रह किया जाता है-

1. अपने-अपने विभाग/कार्यालय/विद्यापीठ से संबंधित समाचार-पत्र एवं पत्रिकाओं के बिल प्राप्त होने के पश्चात अपने विभाग/विद्यापीठ के पुस्तकालय के स्टॉक रजिस्टर में दर्ज कराकर संबंधित पुस्तकालय के प्रभारी से हस्ताक्षर कराकर विभाग प्रमुख/कार्यालय प्रमुख/संकायाध्यक्ष से प्रमाणित कराने के पश्चात वित्त विभाग में भुगतान हेतु प्रस्तुत किया जाना अपेक्षित है।
2. प्रायः यह देखा जा रहा है कि संविदा के तहत कार्यरत शिक्षकों/कर्मचारियों को वेतन निर्गत किए जाने के संबंध में प्रमाणित पत्र/उपस्थिति पत्रक कुछ विभाग से विलंब से प्राप्त होने के कारण संबंधित को वेतन निर्गत करने में विलंब हो रहा है। अतः आग्रह है कि कृपया माह समाप्ति के अंतिम दिन उपस्थिति की प्रति सत्यापित कर स्थापना विभाग में प्रस्तुत करें ताकि समय पर संविदा के तहत कार्यरत कर्मियों को वेतन निर्गत किया जा सके।
3. अपने विभाग/कार्यालय में प्राप्त समाचार-पत्र एवं पत्रिकाओं का ब्यौरा बनाकर वित्तीय वर्ष के अंतिम सप्ताह में भंडार एवं क्रय विभाग को समस्त पुराने समाचार-पत्र एवं पत्रिकाओं के विवरण के साथ भेजें ताकि रद्दी पर प्राप्त होने वाली आय को वार्षिक खाते में शामिल किया जा सके। रद्दी निपटारा हेतु जनसंपर्क अधिकारी, श्री बी.एस. मिरगे की अध्यक्षता में समिति का गठन किया गया है। इस संदर्भ में समिति को तत्काल कार्यवाही करने हेतु अवगत किया जाता है।

अतः सभी विभाग प्रमुख/केंद्र निदेशक/संकायाध्यक्ष से आग्रह है कि अपने-अपने विभाग की रद्दियों को बेचने के संबंध में गठित समिति को आवश्यक सहयोग प्रदान करें।

(पी. सरदार सिंह)

प्रतिलिपिः

1. माननीय कुलपति, म.गा.अ.हि.वि., वर्धा- सूचनार्थ प्रेषित।
2. माननीय प्रति-कुलपति, म.गा.अ.हि.वि., वर्धा- सूचनार्थ प्रेषित।
3. समस्त विभागाध्यक्ष/केंद्र निदेशक/संकायाध्यक्ष, म.गा.अ.हि.वि., वर्धा।
4. श्री बी.एस.मिरगे, जनसंपर्क अधिकारी, म.गा.अ.हि.वि., वर्धा।
5. सहायक कुलसचिव, भंडार एवं क्रय विभाग, म.गा.अ.हि.वि., वर्धा
6. प्रभारीः लीला विभाग, म.गा.अ.हि.वि., वर्धा - वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।

पोस्टः हिंदी विश्वविद्यालय, गांधी हिल्स, वर्धा-442005, (महाराष्ट्र), भारत
Post: Hindi Vishwavidyalaya, Gandhi Hills, Wardha-442005, (Maharashtra), India
ईमेल/Email:- fo.mgahv@gmail.com; वेबसाइट/website: www.hindivishwa.org